बुक्सा टाइगर रिज़र्व

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

पश्चिम बंगाल के **बुक्सा टाइगर रिज़र्व (Buxa Tiger Reserve- BTR)** में 23 साल के अंतराल के बाद दो सालों में दूसरी बार **बाघ (Tiger)** की वापसी देखी गई, जिससे एक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र और **बाघों** की आबादी में वृद्धि होने की उम्मीद है।

बुक्सा टाइगर रिज़र्व के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:**
  - **बुक्सा टाइगर रिज़र्व और नेशनल पार्क** 760 वर्ग किलोमीटर में फैला है तथा **उत्तरी बंगाल के अलीपुरद्वार ज़िले** में स्थित है।
  - बुक्सा टाइगर रिज़र्व की उत्तरी सीमा भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगती है। सिंचुला पहाड़ी शृंखला बुक्सा राष्ट्रीय उद्यान के उत्तरी किनारे पर स्थित है तथा पूर्वी सीमा असम राज्य को स्पर्श करती है।
  - टाइगर रिज़र्व में बहने वाली मुख्य नदियाँ- संकोश, रैदक, जयंती, चुरनिया, तुरतुरी, फशखवा, दीमा और नोनानी हैं।
- **गलियारा कनेक्टिविटी:**
  - **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (National Tiger Conservation Authority- NTCA)** के अनुसार, बुक्सा टाइगर रिज़र्व की कॉरिडोर कनेक्टिविटी की सीमाएँ **उत्तर में भूटान के जंगलों को**, पूर्व में **कोचुगाँव के जंगलों** और **मानस टाइगर रिज़र्व** तथा पश्चिम में **जलदापारा राष्ट्रीय उद्यान को स्पर्श करती** हैं।
    - रिज़र्व की कनेक्टिविटी बंगाल बाघों के प्रवासन तथा आनुवंशिक विविधता को बढ़ावा देने में एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है।
- **वनस्पतिजात:**
  - इसके प्रमुख वृक्ष प्रजातियों में **साल, चैंप, गमर, सिमुल तथा चिकिरासी** शामिल हैं, जो रिज़र्व के विविध एवं जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देते हैं।
- **प्राणिजात:**
  - इसकी प्राथमिक वन्यजीव प्रजातियों में **एशियाई हाथी, बाघ, गौर (भारतीय बाइसन)**, जंगली सूअर, साम्भर तथा **जंगली कुत्ता (ढोल)** शामिल हैं।
  - बक्सा टाइगर रिज़र्व में **संकटग्रस्त जातियों** में तेंदुआ बिल्ली (Leopard cat), बंगाल फ्लोरिकन, रीगल अजगर, चीनी **पैंगोलिन**, हिस्पिड खरगोश तथा हॉग हिरण शामिल हैं।
- **संरक्षण पहल:**
  - **बाघों के शिकार आधार को बढ़ाने**, उनकी वापसी के लिये अनुकूल परिस्थितियों को बढ़ावा देने एवं सफल संरक्षण प्रयासों को प्रदर्शित करने **के लिये रिज़र्व में चीतल (चित्तीदार हिरण) की संख्या में वृद्धि करना।**
  - बाघों तथा अन्य वन्यजीवों के लिये एक आदर्श आवास बनाने के लिये **घासस्थल का विस्तार** करने हेतु सक्रिय उपाय किये गए हैं।
  - मानव व वन्यजीवों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व में सरलता लाने हेतु **मानव हस्तक्षेप कम करने**, घुसपैठ पर अंकुश लगाने तथा अतिक्रमण को नियंत्रित करने के लिये केंद्रित पहल की शुरुआत की गई है।
  - **टाइगर ऑग्मेंटेशन प्रोजेक्ट** वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था, इस सहयोगी परियोजना में राज्य वन विभाग, **भारतीय वन्यजीव संस्थान** और NTCA शामिल हैं, जो बाघों की जीवसंख्या की निगरानी तथा इनकी वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

//

पश्चिम बंगाल में अन्य संरक्षित क्षेत्र:

- गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान
- सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान
- नेओरा वैली राष्ट्रीय उद्यान

- सिंगालीला राष्ट्रीय उद्यान
- जलदापारा राष्ट्रीय उद्यान
- सुंदरबन टाइगर रिज़र्व
- मयूरझरना हाथी रिज़र्व
- पूर्वी डुआर्स हाथी रिज़र्व

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

निम्नलिखित बाघ आरक्षित क्षेत्रों में "क्रांतिक बाघ आवास (Critical Tiger Habitat)" के अंतर्गत सबसे बड़ा क्षेत्र किसके पास है? (2020)

(a) कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) नागार्जुनसागर-श्रीसैलम
(d) सुंदरबन

उत्तर: (c)

- क्रांतिक बाघ आवास (CTH), जिसे टाइगर रिज़र्व के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में भी जाना जाता है, की पहचान वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम, 1972 की गई। "ऐसे स्थानों को अनुसूचित जनजातियों अथवा अन्य वनवासियों के अधिकारों से समझौता किये बिना बाघों के संरक्षण के लिये संरक्षित वन क्षेत्रों के रूप में बनाए रखने की आवश्यकता है।"
- CTH को राज्य सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिये गठित विशेषज्ञ समिति के परामर्श से अधिसूचित किया जाता है।

क्रांतिक बाघ आवास का क्षेत्र:

- जिम कॉर्बेट (उत्तराखंड): 821.99 वर्ग किलोमीटर
- रणथंभौर (राजस्थान): 1113.36 वर्ग किलोमीटर
- सुंदरवन (पश्चिम बंगाल): 1699.62 वर्ग किलोमीटर
- नागार्जुनसागर श्रीसैलम (आंध्र प्रदेश का हिस्सा): 2595.72 वर्ग किमी.
- **अतः विकल्प (C) सही उत्तर है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/buxa-tiger-reserve-1